

# किसानों के हक से खिलवाड़ करने वालों व्यापारियों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

## बिना टैग का बीज प्रतिबंधित, बेचा तो खैर नहीं!

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में संयुक्त कृषक संगठन और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हुई हाई-प्रोफाइल बैठक में किसानों के मुद्दों पर चर्चा हुई। अपर कलेक्टर कैलाश बडोले की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कृषि, उद्यानिकी, सिंचाई और बिजली विभाग के आला अफसरों को सख्त हिदायत दी गई है कि आगामी खरीफ और रबी सीजन में किसानों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए।**

बैठक में प्रमुख मुद्दा बीज और खाद की गुणवत्ता तथा उनकी कालाबाजारी को रोकने पर रहा, जिसके तहत विभाग ने साफ कर दिया है कि किसानों के हक से खिलवाड़ करने वाले व्यापारियों पर सीधी और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बीज माफियाओं पर नकेल कसने के लिए अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बाजार में बिना टैग के बीज का विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस बार जिले में समितियों द्वारा लगभग 3,400 क्विंटल और निजी बीज कंपनियों द्वारा 3 लाख 50 हजार क्विंटल आधार और प्रमाणित सोयाबीन बीज तैयार किया गया है, जिसके विक्रय के लिए 11,50,000 आधिकारिक टैग जारी किए गए हैं। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा 1,35,000 क्विंटल टीएल (ट्रुथफुली लेबल्ड) बीज की अनुमति भी दी गई है।

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे बाजार से किसी भी प्रकार का बीज खरीदते समय पक्का बिल जरूर लें और बिल न देने वाले दुकानदार की तुरंत शिकायत दर्ज कराएं ताकि उसकी दुकान सील की जा सके। इसके अलावा नई किस्मों की मांग पर कृषि विभाग ने आग्रह किया है कि किसान केवल सरकार द्वारा अनुशंसित किस्मों की ही बोनी करें, क्योंकि गैर-अनुशंसित बीजों की जिम्मेदारी सरकार की नहीं होगी।

खाद संकट और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी प्रशासन ने दो-टूक बात कही है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी राजस्व प्रविष्टियों में सही फसल ही दर्ज कराएं ताकि उन्हें सही मात्रा में खाद मिले और वे फसल बीमा योजना से वंचित न रहें। इस बार खरीफ सीजन में टोकन सिस्टम में बदलाव करते हुए एक बार में सारा खाद नहीं दिया जाएगा, बल्कि बोनी के बाद दोबारा आवश्यकता होने पर किसानों को टोकन बुकिंग करनी होगी ताकि खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोका जा सके।

सरकार ने माना कि डीएपी की उपलब्धता पूरी तरह आपूर्ति पर निर्भर है जिसके लिए मांग पत्र भेज दिया गया है, जबकि सुपर फास्फेट खाद बिना टोकन बुकिंग के सीधे काउंटर से उपलब्ध कराया जाएगा। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान संयुक्त कृषक संगठन ने पुरजोर मांग उठाई कि प्याज, अरबी, टमाटर, मिर्च, तरबूज और खरबूज जैसी फसलों का भी फसल बीमा होना चाहिए, जिसके लिए भोपाल मुख्यालय पत्र लिखा जाएगा। साथ ही उद्यानिकी बीजों के दाम नियंत्रित करने, उनकी रैंडम सैंपलिंग व जांच करने तथा भविष्य में जिले में प्याज प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर सहमति बनी।

सिंचाई के मोर्चे पर राजगढ़ बांध और ज्वार उद्वहन सिंचाई परियोजना का कार्य युद्ध स्तर पर चलाकर रबी सीजन में हर हाल में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का दावा किया गया है, और सभी सिंचाई परियोजनाओं की पेटी पर किसानों के नाम व खसरा नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करने की बात कही गई है। बिजली विभाग को भी ग्रामीण क्षेत्रों में कटौती कम करने, झूलते तारों को कसने के लिए अतिरिक्त पोल खड़े करने तथा भविष्य में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के प्लान पर काम करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासनिक पक्ष से डीडीए नरेश यादव, डीडीए चौहान जी, बीज प्रमाणीकरण अधिकारी गोपाल वर्णवाल, सिंचाई विभाग से मनमीत, एनवीडीए से श्री तिरकी, खंडवा उद्वहन सिंचाई परियोजना से एमडी दिनेश्वर और डीएमओ मैडम उपस्थित रहीं। वहीं किसानों की ओर से संयुक्त कृषक संगठन जिला खंडवा के प्रतिनिधिमंडल में आशीष बरोले, शशी कुमार मिश्रा, जय पटेल, रविन्द्र पाटीदार, चंदन सिंह चंदेल, रविन्द्र पाटीदार रघुवीर सिंह मंडलोई, नितेश पटेल, हेमेन्द्र पटेल, अखिलेश पटेल, विकास वागुर्दे और राहुल खोरे ने शामिल होकर किसानों की समस्याओं को बेहद बेबाकी और दमदारी से प्रशासन के सामने रखा। नवभारत किसानों के हित में इस पूरे मसले पर बारीकी से नजर बनाए हुए। किसी भी तरह की जालसाजी के लिए किसानों से अपील करता है कि अव्यवस्था होने पर नवभारत को सूचित करें।



## घर फूंकने वाला आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**खंडवा।** कोतवाली पुलिस ने आग लगाकर दो घरों को जलाने की घटना का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने फरियादिया लीलाबाई कहार और उसके पड़ोसी के घर में आग लगाई थी, जिससे दोनों परिवारों का आशियाना और घरेलू सामान जलकर राख हो गया था। पुलिस के अनुसार, 15 मई 2026 को न्यू मल्टी झोपड़पट्टी शिवराज नगर निवासी लीलाबाई ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 मई की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके और पड़ोसी कमल के घर में आग लगा दी। मामले में कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 289/26 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर घटना का खुलासा किया और अमित उर्फ अन्दु (19), निवासी कंचन नगर को आरोपी पाया। पुलिस ने 2 जून को उसे गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण आर्य, उप निरीक्षक राजू पाटिल, सहायक उप निरीक्षक वीरेन्द्र मंडलोई, महेश राठौर, पंकज तुंडावत, अनिल पटेल, नितीन और विनोद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का संदेश साफ है—अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## 'पुष्पा झुकेगा नहीं' लिखी पिकअप में मिली सागौन, वन अमले की दबिश से तस्कर फरार

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पश्चिम कालीभीत वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने सागौन तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से करीब तीन घनमीटर सागौन लकड़ी जब्त की है। जब्त लकड़ी की कीमत लगभग 1.75 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन जंगल में छोड़कर फरार हो गए।मामला सिरालिया सब रेंज के भुरकुला जंगल क्षेत्र का है।

मंगलवार देर रात नियमित गश्त के दौरान वनकर्मियों को जंगल के भीतर एक चार पहिया वाहन की रोशनी दिखाई दी। संदेह होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर घेराबंदी की गई। वन



विभाग की टीम को आता देख तस्कर मौके से भाग निकले और वाहन जंगल में ही छोड़ गए। जब वनकर्मी वाहन तक पहुंचे तो वह लॉक मिला। लॉक तोड़कर तलाशी लेने पर उसमें सागौन के 20 लट्ठे भरे हुए पाए गए। इसके बाद वाहन और लकड़ी को जब्त कर वन विभाग के कब्जे में लिया गया। कार्रवाई के बाद एक और वजह से यह मामला चर्चा में आ गया। जब्त पिकअप के दोनों ओर फिल्म 'पुष्पा' के चर्चित डायलॉग लिखे थे। एक तरफ पुष्पा झुकेगा नहीं साला और दूसरी ओर पुष्पा नाम सुनकर फ्लावर समझी क्या, फायर है मैं लिखा हुआ था, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम सिंह भदौरिया ने बताया कि यह वाहन पहले भी कई बार देर रात जंगल क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में देखा गया था, लेकिन पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने से कार्रवाई नहीं हो सकी थी। इस बार वाहन सागौन लकड़ी से भरा मिला, जिससे तस्करी की आशंका की पुष्टि हुई है।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन वनग्राम कोटवारिया निवासी रामकिशन पाटिल के नाम से जुड़ा बताया जा रहा है। वन विभाग ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर तस्करी नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कार ने जनपद पंचायत CEO को मारी टक्कर, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। शहर के बजरंग नगर चौराहे पर मंगलवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में पंधाना जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेशचंद्र टेमने गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कार ने उन्हें पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वे कई फीट हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरे।**

हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार सुरेशचंद्र टेमने किसी कार्य से बजरंग नगर क्षेत्र पहुंचे थे। वे अपनी कार से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि वे उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनके सिर, चेहरे और जबड़े पर गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और लगातार निगरानी रखी जा रही है। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फरार वाहन और चालक की पहचान के लिए चौराहे तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों में इस घटना को लेकर चिंता का माहौल है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक की पहचान कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शहर में एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों की लापरवाही को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

## संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस का सोशल मीडिया वॉरियर अभियान शुरू

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग ने संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों को डिजिटल माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी सोशल मीडिया वॉरियर अभियान की शुरुआत की है।

अभियान के तहत जिले के प्रत्येक विधानसभा, ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर तक सक्रिय डिजिटल कार्यकर्ताओं का नेटवर्क तैयार किया जाएगा। बुधवार को गांधी भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी ने कहा कि वर्तमान समय में लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाए रखने




की आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है तथा अब डिजिटल मंचों पर भी जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि किसानों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और वंचित वर्गों की समस्याओं को सामने लाने का सशक्त मंच बन चुका है।मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी धीरज करोसिया ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले में व्यापक पंजीयन अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए विशेष ऑनलाइन लिंक जारी की गई है, जिसके माध्यम से संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाला कोई भी नागरिक अपनी रुचि के अनुसार अभियान से जुड़ सकेगा।उन्होंने बताया कि पंजीकृत कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और संगठनात्मक सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि वे सोशल मीडिया पर जनहित के मुद्दों और कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें। कांग्रेस नेताओं ने युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की।पत्रकार वार्ता में रुपाली बारे, सुनील आर्य, प्रेमांशु जैन, सुनिता सकरगाए, हेमलता पालीवाल, रचना तिवारी तथा अर्चना बलराम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर गुरुवार को जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम 5 हजार रुपये मासिक पेंशन लागू करने, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, मानदेय में वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति, कार्य के दौरान मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने तथा पदोन्नति के अवसर बढ़ाने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री प्रवीण



शर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के अलावा जनगणना, मतदाता पुनरीक्षण, लाड़ली बहना योजना, स्वास्थ्य सर्वेक्षण और विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों में भी उनकी अहम भूमिका रहती है। इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा और सेवा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लाखों आंगनवाड़ी बहनें वर्षों से कम मानदेय में निरंतर सेवाएं दे रही हैं। सरकार को उनकी न्यायसंगत मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए इस दौरान संघ की जिला अध्यक्ष शीला फूलमाली के नेतृत्व में सविता सिंह, चंद्रकांता प्रजापति, संध्या सूर्यवंशी, रश्मि दीदी, प्रीति वर्मा, कामिया बघेल सहित जिले के विभिन्न विकासखंडों की बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं। ज्ञापन के माध्यम से शासन से मांगों के शीघ्र निराकरण की अपेक्षा जताई गई।

## विश्व साइकिल दिवस पर निकली जागरूकता रैली

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत खंडवा द्वारा मंगलवार को जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी पल्लवी दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की थीम साइकिल की ओर बढ़ेगा खंडवा, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ेगा खंडवा रही। आयोजन में खंडवा साइकिल क्लब के संचालक आलोक सेठी एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। रैली का शुभारंभ श्री गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम से हुआ। लगभग 3 किलोमीटर लंबी यह रैली जेल रोड, माता चौक, इंदिरा चौक और टैगोर पार्क होते हुए पुन: स्टेडियम पहुंची। रैली में युवाओं, विद्यार्थियों और साइकिल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और



ईंधन बचत का संदेश दिया।इस अवसर पर आलोक सेठी ने युवाओं को नियमित साइकिल चलाने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि साइकिल केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ और सतत जीवन का माध्यम है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के फिट इंडिया, ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। रैली के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को माय भारत की ओर से प्रमाण-पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही युवाओं ने स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

**विकास** — प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

## पीएमजीएसवाई के तहत 4 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत खंडवा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चार महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इन परियोजनाओं पर कुल 13.74 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे 14.44 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्षेत्र की



आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है और बेहतर सड़क नेटवर्क गांवों के विकास का आधार बनेगा। स्वीकृत परियोजनाओं में बरमलाय से कुकडाल मार्ग सबसे बड़ी परियोजना है। इस 7.64 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण पर 7.18 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

वहीं बरमलाय से सुकलतालाई-4 मार्ग के 3.20 किलोमीटर हिस्से के लिए 3.13 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा लहाड़पुर से पारवाड़ी मार्ग के 2.24 किलोमीटर लंबे हिस्से के निर्माण पर 2.06 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जबकि मालूद रोड से खेड़ी रैयत मार्ग के 1.36 किलोमीटर हिस्से के लिए 1.35 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क प्रमुख मार्गों स` बेहतर होगा। किसानों को कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को आवागमन में आसानी होगी तथा मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिलेगी। बरसात के दौरान जिन गांवों में आवागमन प्रभावित होता था, वहां भी बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने इन परियोजनाओं को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।